Regarding need to establish a new PM SHRI Kendriya Vidyalaya in southern part of Kanpur City in Uttar Pradesh-Laid

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) **:** मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक नगर कानपुर महानगर की एक गंभीर शैक्षिक समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ | कानपुर महानगर की जनसंख्या 50 ला ख से अधिक है और यह नगर दो प्रशासनिक भागों कानपुर उत्तर और कानपुर दक्षिण में विभाजित है । जहाँ उत्तर क्षेत्र में पूर्व से ही केंद्रीय विद्यालय स्थापित है, वहीं दक्षिण क्षेत्र, जिसकी जनसंख्या लगभग 25 ला ख है , जहा ं एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है । उत्तर क्षेत्र में स्थित केंद्रीय विद्यालय की दूरी दक्षिण क्षेत्र से लगभग 20 किलोमीटर है । इस कारण दक्षिण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ ता है , जिससे उनकी शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । अनेक अभिभावक अपने बच्चों को इस दूरी के कारण केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने में असमर्थ हैं । दक्षिण क्षेत्र की तेजी से बढ़ती जनसंख्या और शिक्षा के प्रति बढ़ती आकांक्षाओं को देखते हुए वहाँ नवीन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की स्थापना आज समय की आवश्यकता बन चुकी है ।